# आष्टा के काली मन्दिर में जगमगा रहे 1931 ज्योति कलश

**चैत्र नवरात्रि के पहले ही दिन श्रद्धालु भक्तों की रही भीड**

**धारनाकला नवभारत। सिवनी जिले के तेरहवी शताब्दी के ऐतिहासिक काली जी के मन्दिर 1931 ज्योति कलशो से मन्दिर जगमगा उठा है तथा पहले ही दिन मन्दिर मे माता की पूजा करने वाले श्रद्धालू भक्तो का तांता लगा रहा प्रति वर्ष की तरह ऐतिहासिक काली जी के मन्दिर मे समिति के द्वारा भक्तो की सुविधा तथा पूजन के लिये सुचारू व्यवस्था के इंतजाम किये गये है तथा भक्तो की आवाजाही मन्दिर मे अनवरत दस दिनो तक बनी रहेगी साथ ही पहले ही दिन से ही धार्मिक कार्यक्रम भी यहा प्रारम्भ हो चुके है।**





उल्लेखनीय है आष्टा का यह काली मंदिर पुरातत्व विभाग के संरक्षण मे है तथा मन्दिर की देख रेख तथा सुरक्षा का दायित्व पुरातत्व विभाग के संरक्षण मे ही संचालित हो रहा है किन्तु वर्ष के दोनो नवरात्र पर्व पर स्थानीय समिति ही मन्दिर के दायित्व तथा भक्तो के पूजन तथा कार्यक्रम की बागडोर को सम्हालते आ रहे है जिससे स्थानीय तथा बाहर से आने वाले भक्तो के माता रानी के दर्शन और पूजन का रास्ता प्रशस्त करती है

### लगता है पाचं दिनों तक मेला

चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर आष्टा मे लगातार पांच दिनो तक मेला लगता है और इस मेले मे छेत्र तथा अन्य जिलो से भी लोग तथा भक्त माता की पूजन व दर्शन के साथ साथ मेला का भी आनंद लेते है

### धारना में बिराजी मां जगत जननी

चैत्र नवरात्र पर्व पर आज राधा कृष्ण मन्दिर प्रांगण मे भी श्रद्धा और विश्वास के साथ मा भगवती की स्थापना की गई जिसमे भारी तादाद मे भक्त जनो ने मा की पूजन अर्चन कर धर्म लाभ की शुरूआत की है।

### श्रीमद् भागवत के रूप मे बह गंगा



प्रथम दिवस से ही माता रानी के दरबार मे भगवान श्रीकृष्ण की अमरित मयी कथा का श्रवण भक्त जन कुमारी शिरी दीक्षित के मुखार बिन्द से श्रवण कर धर्म लाभ ले रहे है आज प्रथम दिवस कथा वाचक शिरी दीक्षित ने मा भगवती का महत्व तथा श्री मद भागवत कथा का महत्व सरल भाषा मे भक्तो को श्रवण कराते हुए कहा की धन्य है आष्टा ग्राम जहा आस्था के रूप मे मा भगवती साक्षात बिराजमान है और मा के दरबार मे मुझे भगवान की अमरित मयी कथा का वाचन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है और जिसे जगत की माता के समक्ष मुझे भगवान की कथा कहने का अवसर प्राप्त हुआ है ।

# सड़क हादसे ने खोला गौ-तस्करी का राज

**अनियंत्रित पिकअप मकान की बाउंड्री से टकराया, दो तस्कर गिरफ्तार**



**सिवनी नवभारत।** कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कान्हीवाड़ा-बरघाट रोड पर बीते दिवस एक बडा सड़क हादसा होते-होते बचा, लेकिन इस दुर्घटना ने पशु तस्करी के एक बड़े मामले का भंडाफोड़ कर दिया। एकता पार्क के सामने सुबह के वक्त एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित मकानों की बाउंड्री वॉल से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन का अगला भाग बुरी तरह पिचक गया।

घटना की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मदद के लिए मौके पर दौड़े। जब ग्रामीणों ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप के पिछले हिस्से की जांच की, तो उनके होश उड़ गए। वाहन के भीतर 03 नग गौवंश को बेहद ही अमानवीय और क्रूरता पूर्वक बांधकर ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। ग्रामीणों ने बिना देर किए घटना की सूचना तत्काल




कान्हीवाड़ा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गौवंश को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया।

मौके पर मौजूद पुलिस ने जब वाहन में सवार दो युवकों से पूछताछ शुरू की, तो उन्होंने शुरुआत में पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया और मनगढ़ंत कहानियां सुनाईं। हालांकि, पुलिस की सख्ती के आगे आरोपियों की चालाकी काम नहीं आई और उन्होंने तस्करी की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने इस मामले में आरोपी विष्णु चौधरी और तरुण बघेल, दोनों निवासी बरघाट को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी संतोष पन्द्रे ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## एक नजर में

### अपने वतन लौटे हाफिज, शबे कद्र में हुए शामिल

छपारा। इस्लामी रिसर्च यूनिवर्सिटी काहिरा मिश्र मैं तालीम लेने गए यूपी के हाफ़िज़ मोहम्मद कासिम रजा साहब छपारा की छोटी मस्जिद में माहे रमजान के मुबारक महीने में पहुंचे है। ज्ञात हो कि हाफिज साहब पिछले पांच वर्षों से छोटी मस्जिद में रमजान के मुबारक महीने में आते हैं। 16 मार्च को 27 वी शबे कद्र में तरावीह की नमाज के बाद छोटी मस्जिद में मस्जिद कमेटी ने स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया, जहा कार्यक्रम के बाद मस्जिद के सदर हाजी रशीद पटेल ने फूल माला से हाफ़िज़, मोहम्मद कासिम रजा, इमाम मौलाना शकीर हुसैन अशरफी, नायाब इमाम मोहम्मद हारुन का इस्तकबाल कर नजराना दिया और सभी कमेटी के लोगों ने नमाजियों को इत्र लगाकर दस्तार बांधकर इस्तकबाल किया। पूरे रमजान में ईमान और इखलास के साथ देर रात तक इबादत और रियाजत किया गया 17 मार्च को 3:00 बजे रमजान के पवित्र महीने में तरावीह की नमाज पढ़ने आए हाफिज को मस्जिद कमेटी ने गले मिलकर मुबारकबाद दिया और उन्हें अपने वतन के लिए रवाना किया। वहीं शहर छपारा में रमजान के पवित्र महीने में तरावीह की नमाज पढ़ने आए हुए हाफ़िज़ मोहम्मद कासिम रजा को छोटी मस्जिद कमेटी की तरफ से दिल से शुक्रिया किया गया की इनकी दुआओं ने हमें इस मुबारक माह रमजान में ईमान और इखलास से इबादत करने का अवसर मिला। कमेटी वालों ने कहा कि हमें उम्मीद है कि ऊपर वाला सलामत रखे हम उम्मीद करते हैं कि आप फिर से अगले साल रमजान में हमारे बीच आएंगे। ईदगाह कमेटी द्वारा बताया गया है दिनांक 21 मार्च दिन शनिवार को सुबह 9:30 बजे ईदगाह में ईद- उल- फितर की नमाज अल्लामा मौलाना शाकिर हुसैन अशरफी साहब द्वारा पढ़ाई जाएगी इसी इसी तरह बड़ी मस्जिद ग्राउंड में ईद- उल -फितर की नमाज़ 21 मार्च शनिवार को सुबह 9:35 में यूपी के हाफिज जाकिर हुसैन रामपुरी द्वारा पढ़ाई जाएगी। शहर के सामाजिक लोगों से समय पर ईद-उल-फितर की नमाज़ में शामिल होने की अपील की गई है।



### नगर परिषद छपारा की लापरवाही : ऊबड़-खाबड़ सड़क बनी दुर्घटना का सबब, रास्ते में अटकी एम्बूलेंस




छपारा। नगर के मिशन स्कूल के पास दो वर्ष पूर्व कायाकल्प योजना के अंतर्गत बनाई गई नगर परिषद छपारा द्वारा सड़क आमजन को परेशान कर रही है दरअसल सड़क की ऊंचाई पूर्व की सड़क से लगभग 12 इंच अधिक होने से वहां अचानक नीचे उतरने के दौरान सभी वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं नगरवासियों ने बताया कि उक्त समस्या का अनुमान लगाया जा रहा था कि कुछ समय बाद नगर परिषद छपारा द्वारा समतलीकरण कार्य करवाया जाएगा और उन्हें राहत मिल जाएगी परन्तु दो वर्ष बीतने के बाद भी स्थिति तस की तस बनी हुई है लंबे अंतराल होने और नगर परिषद छपारा द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने से 19 मार्च को सुबह लगभग साढ़े ग्यारह बजे एक 108 एम्बुलेंस वाहन वहां से गुजरते हुए तकनीकी खराबी से अटक गया और बीचोंबीच लंबे समय तक खड़ा रहा गनीमत रही कि कोई मरीज उस समय एंबुलेंस वाहन में मौजूद नहीं था जिसकी मरम्मत कार्य के बाद वहां से लेकर जाया गया नगर वासियों द्वारा बताया गया कि उक्त स्थान पर अनेक वाहन दुर्घटना पूर्व में हो चुकी हैं और रोड को समतलीकरण कार्य किए जाने की मांग की गई है वहीं आवश्यकता अनुसार रोड़ पर स्पीड ब्रेकरों को भी लगाने की अपील की गई है ताकि सुगम एवं सुरक्षित आवागमन संभव हो सके।

## चैत्र नवरात्र पर्व की शुरुआत, मंदिरों और घरों में स्थापित होंगे मनोकामना ज्योति कलश



**छपारा नवभारत।** श्रद्धा भक्ति और शक्ति की आराधना का महापर्व चैत्र नवरात्र गत 19 मार्च चैत्र प्रतिपदा से प्रारंभ होकर 27 मार्च राम नवमी तक चलेगा।

इस बार यह पर्व पूरे नो दिनों का होगा,उपासना के इस महापर्व पर भक्तों के द्वारा मनोकामना ज्योति कलशों की स्थापना घरों के अलावा देवी मंदिरों में कई गई हैं। नगर के सभी देवी मंदिरों को रंग रोगन के साथ जगमग लाइटों से सजाया गया हैं।

**कई शुभ योगों में प्रारंभ हो रही है चैत्र नवरात्रि**

हिंदू धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व होता है, वैसे तो साल में चार नवरात्रि पर्व आते है, लेकिन इनमें से चैत्र माह की नवरात्री और शारदीय नवरात्रि को प्रमुख माना जाता है, चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होता है, इस वर्ष चैत्र नवरात्रि गुरुवार 19 मार्च से प्रारंभ हो गई हैं जिसका समापन 27 मार्च को होगा। चैत्र नवरात्र के पहले दिन कई शुभ योग बन रहे हैं इस समय में घटस्थापना आपके लिए बहुत ही लाभदायक और उन्नतिकारक सिद्ध होगा जानकारों ने बताया कि चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा तिथि से ही नया हिंदू वर्ष प्रारंभ हो जाता है, चैत्र नवरात्रि में अबकी बार पूरे नौ दिनों की नवरात्रि होगी।

# आठ वर्षीय बालिका अवीरा ने किया चैत्र नवरात्रि का व्रत

**सिवनी नवभारत।** वैदिक पंचांग के अनुसार, चैत्र नवरात्रि का पर्व गुरुवार 19 मार्च 2026 से आरंभ हो गया है, जिसका समापन शुक्रवार 27 मार्च राम नवमी के साथ होगा। चैत्र नवरात्रि हिंदू धर्म का एक अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण पर्व है, जो मां दुर्गा की आराधना को समर्पित होता है। जिसमें भक्त नौ दिनों तक व्रत रखकर मां के विभिन्न स्वरूपों की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि इन दिनों देवी की उपासना करने से जीवन से नकारात्मकता, भय और कष्ट दूर होते हैं। साथ ही, मां भगवती की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इसी तारतम्य में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर,बारापत्थर निवासी कक्षा दूसरी में पढ़ने वाली आठ वर्षीय बालिका अवीरा सिंह ने भी प्रथम दिन मां शैलपुत्री को समर्पित इस व्रत को किया है। ज्ञात हो कि बालिका अवीरा सिंह पिता जितेंद्र सिंह एवं जिला विधिक सेवा



प्राधिकरण जिला न्यायालय शिवनी की पैरालीगल वालंटियर श्रीमती राजेश्वरी सिंह की सुपुत्री हैं। छोटी बालिका द्वारा व्रत रखने का जैसे ही लोगों को समाचार प्राप्त हुआ वैसे ही लोगों ने इस छोटी बालिका एवं परिवार को नवरात्रि की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए धर्म के प्रति समर्पित बालिका की प्रशंसा की है। वहीं दुर्गा चौक स्थित माता राजराजेश्वरी दुर्गा मंदिर के आचार्य पंडित राजेंद्र पांडे जी ने नवरात्र पर्व के व्रत की जानकारी देते हुए बताया कि व्रत को करने के लिए नियमों का पालन करना बहुत आवश्यक होता है, तभी इसका पूर्ण फल प्राप्त होता है। व्रती को खान-पान से जुड़ी कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। चैत्र नवरात्रि व्रत रखने वालों को प्रात: जल्दी उठकर स्नान और स्वच्छ वस्त्र धारण करने चाहिए। घर के पूजा स्थल को साफ-सुथरा रखकर मां दुर्गा की प्रतिमा या चित्र के सामने दीपक और धूप जलाना चाहिए। व्रत में सात्विक जीवनशैली अपनाना होता है। झूठ बोलना, क्रोध करना और नकारात्मक विचारों से दूर रहना चाहिए। लहसुन, प्याज, मांसाहार पूरी तरह से वर्जित माना जाता है। कुछ लोग पूरे नौ दिन उपवास रखते हैं, जबकि कुछ लोग फलाहार या एक समय भोजन करते हैं। नवरात्रि के व्रत में हल्का और सात्विक भोजन करना सबसे अच्छा माना जाता है।फल, दूध, दही, सूखे मेवे और साबूदाना आदि आहार ले सकते हैं। कुट्टू के आटे की पूरी, सिंघाड़े के आटे की रोटी, आलू की सब्जी और समक (सामा) के चावल भी व्रत में ग्रहण किए जाते हैं। व्रत में सेंधा नमक का उपयोग किया जाता है, क्योंकि इसे शुद्ध माना जाता है। इसके अतिरिक्त नारियल पानी और जूस का भी सेवन कर सकते हैं। नवरात्रि व्रत में सामान्य नमक, गेहूं, चावल (साधारण), दालें और बेसन का सेवन नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही तामसिक भोजन जैसे लहसुन-प्याज, मांसाहार और नशीले पदार्थों से दूरी, बाहर का जंक फूड या ज्यादा मसालेदार भोजन भी वर्जित माना जाता है। यह पर्व मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना का समय होता है, जिसमें भक्त श्रद्धा और भक्ति के साथ व्रत रखकर देवी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो भक्त पूरे नियम और श्रद्धा के साथ व्रत रखते हैं, उन्हें मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है और उनके जीवन की बाधाएं दूर हो सकती हैं। धार्मिक दृष्टि से, चैत्र नवरात्रि को नए वर्ष (हिंदू नववर्ष) की शुरुआत भी माना जाता है, इसलिए इस समय किया गया जप, तप और पूजा विशेष फलदायी होती है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ


छपारा। जनपद पंचायत छपारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत तुल्फ रैयत में 19 मार्च दिन गुरुवार को जनपद पंचायत छपारा अध्यक्ष सदम सिंह बरकडे के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। जहां जनपद पंचायत अध्यक्ष ने लोगों को संबोधित करते हुए ग्राम के ग्रामवासीयों एंव पंचायत के लोगों को समझाइश दी उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों गर्मी में पानीं का उपयोग पानी की उपलब्धता के अनुसार करें क्योंकि भू जल स्तर धीरे धीरे नीचे जा रहा है हम सबकी जवाबदेही हैं कि पानी का स्तर बढ़ाए,अधिक संख्या में ताल तलैया, कुआं, कूप निर्माण कार्य किया जावे जिसमें बरसात का पानी भूमि के अंदर जायेगा और भू जल स्तर में बढ़ोत्तरी होगी, वहीं शासन की जल गंगा संवर्धन अभियान की सराहना करते हुए प्रशासन से अपेक्षा है साथ ही हम सबका दायित्व है कि किसानों मजदूरों ग्रामीण द्वारा इस अभियान को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे जिससे आने वाले समय में हमें पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत तुल्फ रैयत के सरपंच श्रीमती केरा बाई धनीराम कुमरे, सचिव रामकुमार मसराम पंच अमर लाल मरकाम, दलसिंह उईके, रामफल इनवाती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# काम न काज का, सत्तर हजार पगार का !



लखनादौन मलेरिया इंस्पेक्टर का बेशर्म कबूलनामा— काम नहीं होता तो दुकान चलाता हूं

**लखनादौन नवभारत।** क्या सरकारी नौकरी अब केवल अंगूठा लगाने और मुफ्त का वेतन पाने का जरिया बन गई है? लखनादौन सिविल अस्पताल में पदस्थ एक मलेरिया इंस्पेक्टर उमेश मसकोले के कारनामों ने तो यही साबित कर दिया है। जनता के खून-पसीने की कमाई से मिलने वाले 70,000 हर महीने उनकी जेब में जा रहे हैं, लेकिन बदले में वे जनता को सेवा नहीं, बल्कि अपनी निजी मोबाइल दुकान से धौंस दे रहे हैं सरकारी नौकरी की गरिमा और सेवा की शपथ को मलेरिया इंस्पेक्टर उमेश मसकोले ने सरेआम नीलाम कर दिया है। मच्छरों से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के बजाय साहब का पूरा ध्यान अस्पताल के सामने स्थित अपनी मोबाइल दुकान के गल्ले पर है। जब उनसे उनकी इस डबल ड्यूटी पर सवाल किया गया, तो उन्होंने जो जवाब दिया वह भ्रष्टाचार के अहंकार की पराकाष्ठा है। जब साहब को ड्यूटी के समय दुकान पर रंगे हाथों पकड़ा और पूछा कि आपकी ड्यूटी कहाँ है, तो उन्होंने बड़े इत्मीनान से जवाब दिया। जब काम नहीं होता तो यहाँ बैठता हूँ, या जब बालक कहीं चला जाता है तब बैठता हूँ। साहब से सीधा सवाल- क्या सरकार आपको 70,000 की सैलरी इसलिए देती है कि जब आपके बेटे को काम हो, तो आप सरकारी ड्यूटी छोड़कर दुकान संभालें क्या मलेरिया इंस्पेक्टर का काम केवल फ्री होने पर किया जाने वाला पार्ट-टाइम जॉब है भ्रष्टाचार का सबसे वीभत्स चेहरा तब सामने आया जब कमाई के बारे में पूछने पर उन्होंने बेशर्मी से कुबूला— अस्पताल से तो सत्तर हजार मिल ही जाते हैं, बाकी का इस दुकान से कमा लेते हैं। यह बयान चीख-चीख कर कह रहा है कि सरकारी खजाने से मिलने वाला 70,000 का मोटा वेतन इनके लिए केवल एक फिक्स्ड डिपॉजिट की तरह है, जिसे निकालने के लिए बस बायोमेट्रिक पर अंगूठा लगाना काफी है। असली मेहनत तो निजी व्यापार चमकाने में की जा रही है। यह बयान केवल एक कर्मचारी की लापरवाही नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य विभाग के चेहरे पर तमाचा है। यह दर्शाता है कि सरकारी वेतन को उन्होंने अपना हक मान लिया है और जनता की सेवा को बोझ। जब तक ऐसे मलाईदार पदों पर बैठे लोग ड्यूटी के घंटों में निजी गल्ले पर बैठेंगे, तब तक लखनादौन की स्वास्थ्य व्यवस्था आईसीयू में ही रहेगी। हैरानी तब और बढ़ जाती है जब ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर आशोक सह्लाम कहते हैं कि दुकान उनके बेटे के नाम है। साहब! अगर कल को कोई सिपाही अपनी ड्यूटी छोड़कर अपने भाई के ढाबे पर तंदूर सेंकने लगे, तो क्या पुलिस विभाग भी यही कहेगा कि ढाबा उसके नाम नहीं है? मुद्दा मालिकाना हक का नहीं, उपस्थिति का है। मुद्दा सेवा शर्तों के उल्लंघन का है। मुद्दा उस 70 हजार रुपये की पाई-पाई का है जो टैक्सपेयर की जेब से जा रही है। लखनादौन क्षेत्र में जब गरीब आदिवासी और किसान मलेरिया-डेंगू से लड़ रहे होते हैं, तब उनके रक्षक मलेरिया इंस्पेक्टर दुकान पर बैठकर मोबाइल के रिचार्ज और सौदेबाजी में व्यस्त रहते हैं। क्या विभाग किसी बड़ी त्रासदी का इंतजार कर रहा है?



## भोमा के पूर्व सरपंच राज टोनी साहू के यहां पहुंचे छिंदवाड़ा सांसद

**कर्मा जयंती के जिला स्तरीय कार्यक्रम में हुए शामिल होने पहुंचे थे केवलारी**

सिवनी नवभारत। छिंदवाड़ा के सांसद विवेक बंटी साहू केवलारी प्रवास के दौरान ग्राम भोमा पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व सरपंच राज टोनी साहू के निवास पर अल्प प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से आत्मीय मुलाकात कर सामाजिक विषयों, परंपराओं और समाजहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। इसके पश्चात सांसद साहू कर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने समाजजनों को शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक एकता, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने सामाजिक समरसता और आपसी सहयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। सांसद विवेक बंटी साहू का यह दौरा क्षेत्र में सामाजिक सहभागिता और जनसंपर्क के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**कन्यादान** — जनपद पंचायत धनौरा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना कार्यक्रम आयोजित

# सौ जोड़ों ने लिये फेरे, सामूहिक विवाह से बढ़ती है समरसता

**सिवनी नवभारत।** जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत धनौरा में आज मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह कार्यक्रम के तहत सौ जोड़ें विवाह परिणय सूत्र में बंधे। जनपद पंचायत मुख्यालय से ढ़ोल बजे के साथ बारात निकाली गई मुख्य अतिथियो एंव कर्मचारियों अधिकारी को सपा बांध कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते केवलारी विधायक रजनीश सिंह जिला पंचायत सदस्य घुरसिंह सल्लाम उपस्थित रहे।



जनपद पंचायत धनौरा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य एवं सफल आयोजन संपन्न हुआ। सम्मेलन में सौ जोड़े का सामाजिक धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम हर्षोल्लास, उल्लास और उत्सवपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया, जिसमें वर वधु पक्ष के परिजनों सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, एंव समस्त विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे एंव अतिथियों ने विवाह परिणय सूत्र में 67 जोड़े आदिवासी रीतिरिवाजों से और दो जोड़े मुस्लिम रीतिरिवाज से एंव 31 जोड़े हिन्दू रीतिरिवाजों से विवाह बंधन में बंधे नवविवाहित जोड़ों को बधाई आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना प्रदेश शासन की एक सराहनीय एवं जनहितैषी योजना है, जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सम्मानपूर्वक विवाह संपन्न कराने में सहायक सिद्ध हो रही है।

अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के सामूहिक विवाह सम्मेलन न केवल सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समाज में सादगी, सहयोग और सामूहिक सहभागिता का भी संदेश देता हैं।

शासन की यह योजना गरीब परिवार एंव जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है और समाज के कमजोर वर्गों को संबल प्रदान कर रही है। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मंच पर अतिथियों की उपस्थिति, वैवाहिक रस्मों की गरिमा और परिजनों के उत्साह ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। सम्मेलन के दौरान नवदम्पत्तियों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। जनपद पंचायत धनौरा के मुख्यकार्यपालन अधिकारी ओंमकार सिंह ठाकुर के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित और सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के अंत में नवविवाहित जोड़ों को शुभाशीष प्रदान किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन भी चौकन्ना रही ग्राम कोटवारों ने यातायात व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था में विशेष योगदान दिया। मुख्यकार्यपालन अधिकारी ओमकार सिंह ठाकुर द्वारा उपस्थिति अतिथियों सहित कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए समस्त विभाग के कर्मचारियों अधिकारी का आभार व्यक्त किया गया।

## विधायक ने उत्साह के साथ मनाया हिन्दू नववर्ष, सामूहिक विवाह में हुए शामिल

सिवनी नवभारत। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2083 और चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित विभिन्न सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि उन्नति और उत्तम स्वास्थ्य की कामनाएं किया। आज हिन्दू नववर्ष के पावन उपलक्ष्य में सकल हिन्दू समाज द्वारा बड़ा मिशन स्कूल मैदान से आयोजित विशाल रैली में विधायक दिनेश राय मुनमुन ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। इस दौरान उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना एवं महाआरती की और प्रदेश की सुख, समृद्धि, उन्नति एवं नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना किया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किया। तथा मंडप में पहुंचकर उन्होंने नव-दम्पत्तियों से भेंट किया और आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना किया। इसके अलावा जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विक्रमोत्सव सूर्य उपासना कार्यक्रम में विधायक दिनेश राय मुनमुन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



**कार्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय लखनादौन जिल-सिवनी (म.प्र)**

कमांक/396/निविदा — **निविदा आमंत्रण सूचना** — दिनांक-19/03/2026

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय लखनादौन में सत्र 2026-27 में गल्ला, किराना, स्टेशनरी बिजली एवं पानी से सम्बन्धित सामग्री व व्यक्तिगत हाउस ड्रेस सामग्री क्रय किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक प्रतिष्ठान कार्यालीन समय पर कार्यालय से निविदा फार्म प्राप्त कर बंद लिफाफे में दिन 22/03/ 2026 से 28/03/2026 को 2:00 बजे तक निविदा फॉर्म कार्यालय में जमा कर सकते हैं। जमा की गई निविदा दिनांक 28/03/2026 को 3:00 बजे उपस्थित निविदाकर्ता के समक्ष छात्रावास प्रबन्धन समिति द्वारा खोली जाएगी क्रय किये जाने हेतु अलग- अलग निविदा फार्म क्रय किया जाना आवश्यक होगा। निविदा प्रारूप एवं शर्तें कार्यालय से 500/- रू. नगद जमा कर प्राप्त कर सकते है।

**आवश्यकता**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय लखनादौन में विषयावार शिक्षिकाओं के आवेदन दिनांक 22/03/2026 से 28/03/2026 को दोपहर 2 :00 बजे तक उक्त कार्यालय में जमा करें आवेदकों का स्नातक होना आवश्यक है एवं प्रथम प्राथमिकता बी.एड / डी एड/डी.एल.एड को दी जावेगी।

**अधीक्षिका**
**कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय लखनादौन जिला-सिवनी (म.प्र)**